FLORENCE INTERNATIONAL SCHOOL
CLASS- VII
WORKSHEET NO: 7
HINDI

NAME: **DATE: 07/04/2020**

अपठित गद्यांश

निम्नांकित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनें –

साहस की जिन्दगी सबसे बड़ी जिन्दगी होती है । ऐसी जिन्दगी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि वह बिलकुल निडर, बिलकुल बेख़ौफ होती है । साहसी मनुष्य की पहली पहचान यह है कि वह इस बात की चिंता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोच रहे हैं । जनमत की उपेक्षा करके जीने वाला आदमी दुनिया की असली ताकत होता है । अर्नाल्ड बेनेट ने एक जगह लिखा है कि जो आदमी यह महसूस करता है कि किसी महान निश्चय के समय वह साहस से काम नहीं ले सका, जिन्दगी की चुनौती को कबूल नहीं कर सका, वह सुखी नहीं हो सकता । बड़े मौके पर साहस नहीं दिखाने वाला आदमी बराबर अपनी आत्मा के भीतर एक आवाज़ सुनता रहता है । एक ऐसी आवाज़ जिसे वही सुन सकता है और जिसे वह रोक भी नहीं सकता ।

क) लेखक ने कैसे जीवन को महान बताया है ?

अ) स्वावलंबनपूर्ण जीवन को ब) कर्त्तव्य परायण जीवन को
स) साहसपूर्ण जीवन को द) विवेकशील जीवन को

ख) 'साहसी' का विलोम शब्द है -

अ) दुराचारी ब) डरपोक स) कायर द) निडर

ग) लेखक के अनुसार कैसा व्यक्ति अपनी आत्मा के भीतर एक आवाज़ सुनता रहता है ?

अ) मौके पर साहस न दिखाने वाला ब) आत्मनिष्ठ व्यक्ति
स) मौके पर साहस दिखाने वाला द) इनमें से कोई नहीं

घ) लेखक के अनुसार कैसा व्यक्ति दुनिया की असली ताकत होता है ?

अ) अवसर के अनुसार चलने वाला ब) दूर की सोचकर जीने वाला
स) जनमत की उपेक्षा करके जीने वाला द) जनमत की उपेक्षा न करके जीने वाला

ङ) साहस की जिन्दगी कैसी जिन्दगी होती है ?

अ) बोझिल ब) कष्ट देने वाली स) सबसे छोटी द) सबसे बड़ी